बाढ़ से कुल्लू-मनाली नैशनल हाईवे जगह-जगह से हो रहा क्षतिग्रस्त

एचआरटीसी वर्कशॉप और छरूड़ू में सड़कों को हुआ नुकसान

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ कुल्लू

कुल्लू से मनाली तक के नैशनल हाईवे को इस बार की ब्यास नदी में आई बाढ़ से कई जगह पर काफी नुकसान हुआ है। बाढ़ के चलते कुल्लू से मनाली के बीच रायसन, बिंदू ढांक सहित मनाली, कुल्लू एचआरटीसी वर्कशॉप और छरूड़ू में सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं।

बाढ़ के बाद कुल्लू से मनाली के बीच कई जगह पर सड़क ठीक हो गई है, लेकिन अभी भी कुल्लू से मनाली के बीच कुल्लू- मनाली नैशनल हाईवे को नुकसान होने की संभावना बनी है। कुल्लू की एचआरटीसी वर्कशॉप के पास सुरक्षा दीवार न होने से वर्कशॉप को भी बाढ़ से नुकसान हो सकता है और साथ ही यहां पर लगते एनएच को ब्यास नदी क्षति पहुंचा रही है। बाढ़ के चलते एनएच यहां पर अभी भी खतरे की जद में है। इतना ही नहीं एनएच का डंगा यहां पर पूरा गिरा हुआ है, जिससे यहां पर रात के समय हर समय वाहन चालकों को जोखिम है। सड़क किनारे मात्र छोटे-छोटे पत्थर रखे हैं, जो रात के अंधेरे में दिख भी नहीं रह रहें है। बहरहाल कुल्लू से मनाली के बीच एचआरटीसी वर्कशॉप और साथ लगते मुख्य मार्ग कुल्लू-मनाली को लगातार बाढ़ में खतरा बना है। लोगों ने एचआरटीसी वर्कशॉप और साथ लगते मुख्य मार्ग किनारे पर जल्द से जल्द सुरक्षा दीवार लगने की गुहार प्रशासन से लगाई है।

सुरक्षा दीवार लगाई जाए

एचआरटीसी वर्कशॉप के पास एनएच का कुछ हिस्सा इस बार की बाढ़ से काफी क्षतिग्रस्त हुआ है। इस कारण एनएच कुल्लू-मनाली मार्ग पर रात के समय काफी खतरा बना हुआ है। कभी भी यहां से वाहन गिरकर ब्यास नदी में जा सकते हैं। लोगों ने विभाग से आग्रह किया है कि यहां पर जल्द से जल्द सड़क किनारे सुरक्षा दीवार दी जाए ताकि कोई हादसा पेश न आए।

"बाढ़ से कुल्लू से मनाली के बीच कई जगह नुकसान हुआ है। विभाग द्वारा कुल्लू से मनाली के बीच कुछ चिह्नित जगहों पर करीब 40 करोड़ से सुरक्षा दीवार लगाई जाएगी। आलू ग्राउंड, 18 मील, पतलीकूहल, रायसन सहित कुल्लू एचआरटीसी वर्कशॉप के पास दीवार लगाई जाएगी।

- अरुण कुमार
अधिशाषी अभियंता
जल शक्ति विभाग, कटराईं।

दोहराला में महाराजा भवन का शिलान्यास

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ कुल्लू

मुख्य संसदीय सचिव वन ऊर्जा पर्यटन एवं परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने शुक्रवार दोहराला में महाराजा भवन का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सामुदायिक भवन के बन जाने से शिलिराजगिरि तथा खड़ीहार पंचायत सहित साथ की अन्य पंचायतों के लोगों को लाभ मिलेगा। इस भवन को बनाने में जितना धन की आव्श्यकाया होगी वह सब उपलब्ध करवाया जाएगा।

▮ सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने रखी नींव
▮ लोगों को मिलेगा लाभ

महाराजा-खोखन क्षेत्र का पर्यटन के नक्शे में बहुत बड़ा नाम होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार पुराने अंग्रेजों के वक्त के ब्राइडल पाथ को फिर से इकोट्रेल के लिए चलाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की पुराने समय में अंग्रेज लोग बजौरा, पहनाला, कमांद, काईसधार, पीज होकर जाते थे। काईसधार के बंगले को अंग्रेजों ने 4 हजार रुपये में बनाया था। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कुल्लू जिले में इलेक्ट्रिक गाड़ियां चलाने का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट शीघ्र शुरू होगा, जैसे इस धार में चल रहा है। इससे पर्यटन के साथ आग से वनों को बचाने में फायर लाइन बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी डेढ़ वर्ष के अंदर बिजली महादेव रोपवे बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे यहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक हफ्ते में दोहरा नाला-कोट सड़क को बस योग्य पास कर दिया जाएगा तथा जल्दी इस इस पर बस चलाई जाएगी। प्रधान खड़ीहार कमलेश शर्मा ने मुख्यअतिथि सहित सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य गुलाब सिंह, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सेस राम चौधरी, सुखराम, मोती राम ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

न्यूज 1 नजर में

बकारटा में युवक से चिट्टा पकड़ा

सरकाघाट। सरकाघाट पुलिस की टीम बकारटा की तरफ गश्त पर निकली थी। पुलिस को बकारटा की ओर से एक युवक बाइक पर स्वार होकर आता हुआ दिखाई दिया। युवक अचानक पुलिस को देख कर पीछे मुड़ने लगा और बकारटा की ओर भागने लगा, जिस पर पुलिस को युवक पर शक हो गया और कुछ दूरी पर पुलिस ने बाइक रोकी और युवक को बाइक को साइड में लगाने को कहा। पुलिस से आंख छिपाकर युवक ने एक लिफाफा घास की घासणी में फेंक दिया, जिसे पुलिस ने देख लिया। पुलिस ने स्थानीय पंचायत के प्रधान सुमन ठाकुर व अन्य प्रतिनिधियों बुलाया। पुलिस ने उनके सामने घासणी मे फेंकी गए लिफाफे को बरामद कर लिया। लिफाफे में एक ग्राम चिट्टा निकला। पुछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम योगेश कुमार पुत्र राजकुमार मसेरन जिला मंडी बताया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

घुड़दौड़ में देवता गणपति के मंदिर में तीन दिवसीय दशांश महायज्ञ शुरू

पतलीकूहल। उझी घाटी के घुड़दौड़ में देवता गणपति के मंदिर में तीन दिवसीय दशांश महायज्ञ शुरू हो गया। वीरवार की सुबह यज्ञ में आए देवी की पूजा-अर्चना के उपरांत महायज्ञ की कार्रवाई शुरू हुई, जिसमें 9 पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चारण से यज्ञ शुरू किया गया। इस यज्ञ में माता त्रिपुरा सुंदरी, माता चामुंडा, माता भटंती, जला ज्वालापुर के गणपति देवता, घुड़दौड़ गांव के देवता गणपति, सियाली महादेव, व लरांई महादेव रथ सहित विराजमान हैं। वहीं माता चोंगासन व देवता कार्तिक स्वामी अपने निशानों के साथ बिराजे हैं। देवता गणपति के कारदार प्रकाश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यज्ञ तीन दिनों तक चलेगा। 10 अगस्त को पूर्ण आहुति होगी और यज्ञ में आए सभी भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।

लौल स्कूल किसी भी सूरत में बंद नहीं होने दिया जाएगाः सुरेंद्र शौरी

बंजार। बीते दिनों सरकार ने दो किलोमीटर के दायरे में निर्धारित विद्यार्थियों की संख्या से कम संख्या बाले स्कूलों को बंद करने की अधिसूचना जारी कर दी है। बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटला के लौल गांव में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय लौल को भी सरकार द्वारा बंद करने का फैसला लिया गया है। सरकार के इस फैसले का गांववसियों ने एक सुर में विरोध किया है व अपनी नाराजगी जताई है। ग्रामीणों द्वारा बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी को इस बारा ज्ञापन दिया गया है। विधायक शौरी ने कहा है कि प्रदेश सरकार में सीपीएस सुंदर ठाकुर के ध्यान में मामले को लाया गया है व ग्रामवासियों द्वारा ज्ञापन भी सौंपा गया है। लौल सुदूर पहाड़ी पर स्थित गांव है जहां दूसरे स्कूल और मुख्य सड़क से पहुंचने के लिए एक वयस्क को भी एक घंटे से अधिक का समय लगता है। ऐसे में गांव के छोटे बच्चों की सुविधा के विपरीत इस पाठशाला को बंद करना कतई व्यावहारिक नहीं है। पाठशाला को पुनः खोलने के लिए प्रदेश सरकार से हर स्तर पर मांग रखी जाएगी।

13 छात्रों के गणित में 100 में से 100 अंक

जोगिंद्रनगर। री इवेल्यूएशन के बाद दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल के कई छात्रों के अंकों में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। दयानंद स्कूल के छात्र कृष शर्मा ने दसवीं में अब 682 अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है। इससे पहले कृष शर्मा के 700 में से 668 अंक थे कृष के अब 14 अंक बढ़ गए हैं। इसके अलावा स्कूल के छात्र सूर्यांश ठाकुर ने 681 अंकों के साथ स्कूल में दूसरा स्थान पाया। इससे पूर्व सूर्यांश ठाकुर के 669 अंक थे सूर्यांश के 12 अंक बढ़ गए हैं। स्कूल के ध्रुव व दीपिका 674 अंक के साथ तीसरे, अक्षत ठाकुर 673 अंक लेकर चौथे व विक्रम आदित्य 670 अंक लेकर पांचवें स्थान पर रहा। री इवेल्यूएशन परिणाम के बाद स्कूल के 13 छात्र-छात्राओं के गणित में 100 में से 100 अंक हो गए हैं। स्कूल चेयरमैन ओम मरवाह, जनरल सेक्रेटरी विजय जम्वाल, प्रधानाचार्य राजेश डोगरा, पूर्व प्रधानाचार्य ओपी ठाकुर, उपप्रधानाचार्य लता राणा, पीटीए प्रधान भास्कर गुप्ता ने सभी बच्चों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में और कड़ी मेहनत करने के लिए कहा।

कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस स्वास्थ्य अभियान को लेकर बैठक

कुल्लू। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस तथा एकीकृत स्वास्थ्य अभियान के बारे में उपायुक्त तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने जानकारी दी कि यह अभियान पूरे जिला में चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत तीन चरणों में प्रथम चरण में एचआईवी एड्स को लेकर तथा इसके विभिन्न प्रकार की जानकारी को बढ़ाने के लिए सूचना शिक्षा एवं संचार अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से काउंसलर द्वारा विभिन्न गांवों में जागरूकता के सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में एचआईवी एड्स जागरूकता को लेकर एक मैराथन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्कूलों के तथा डाइट कुल्लू के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे।

हत्या का अभियोग साबित न होने पर अदालत ने बरी किया आरोपी

मंडी। हत्या के आरोपी के खिलाफ अभियोग साबित न होने पर अदालत ने एक आरोपी को बरी करने का फैसला सुनाया है। सत्र न्यायधीश के न्यायलय ने बल्ह तहसील के कैहड़ (राजगढ़) निवासी देविन्द्र कुमार के खिलाफ भादंस की धारा 302, 341 और 323 के तहत अभियोग साबित न होने पर उसे संदेह का लाभ देते हुए बरी करने का फैसला सुनाया है। पक्ष के अनुसार शिकायतकर्ता का बेटा वीरेन्द्र टांग के इलाज के लिए सुंदरनगर अस्पताल गया हुआ था। जबकि सात और आठ मई 2013 की रात को पुलिस का दल डडौर के पास गश्त पर तैनात था। इसी दौरान उन्हें थाना से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को डडौर के कबाडी मार्केट में काबू किया गया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को सड़क के किनारे लेटा हुआ देखा। उसे चार-पांच लोगों ने घेरा हुआ था। जिनमें आरोपी सहित अन्य लोग शामिल थे। पुलिस को बताया गया कि उक्त व्यक्ति को चोरी करते हुए पकड़ा गया है। पुलिस ने मृतक वीरेन्द्र के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके अदालत में अभियोग चलाया था। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है जिससे जाहिर हो कि उसने वीरेन्द्र के साथ मारपीट की थी जिससे उसके सिर पर चोट लगी थी। इस मामले में कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था और यह परिस्थितियों से जाहिर नहीं होता कि आरोपी ने ही इस अपराध को अंजाम दिया हो। अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ अभियोग को साबित करने में असफल रहा है।

मांगों को लेकर डीसी ऑफिस के बाहर गरजी सीटू

कुल्लू। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को कुल्लू जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर किसान सभा, सीटू व जनवादी महिला समिति ने संयुक्त रूप से कॉरपोरेट भारत छोड़ो व केंद्र सरकार की तानाशाही व किसानों के दमन के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इस धरने को किसान मजदूरों को संबोधित करते हुए हिमाचल किसान सभा के राज्य महासचिव होतम सिंह सौंखला ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानों से मांगों को पूरा करने का समझौता 2021 में हुए आंदोलन के समय किया था, लेकिन केंद्र सरकार ने किसानों से वादाखिलाफी की है। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की गांरटी कानून बनाने, किसानों की कर्जमाफी करने किसानों की सब्सिडी बहाल करने की मांगों पर केंद्र सरकार ने गौर नहीं किया है। 2024-25 के बजट में भी किसानों को किसी भी तरह की राहत नहीं दी। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश के चंद पूंजीपतियों को लाखों-करोड़ों का फायदा दिया है। किसान सभा के कुल्लू ब्लॉक अध्यक्ष गुरजीत गिल, नगर ब्लॉक के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, सीटू के जिला उपाध्यक्ष चमन ठाकुर और रामचंद ने भी प्रदर्शन को संबोधित किया।

रायसन में पत्रकार के घर से सीसीटीवी कैमरा चोरी

पतलीकूहल। कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग 03 रायसन में चोरों के हौसले काफी बुलंद हो गए हैं। चोर घर में रात के अंधेरे में चोरी की वारदातों को निरंतर अंजाम दे रहे हैं। इससे उझी घाटी के लोग काफी परेशान हो उठे हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरा चोरी कर के ले गए हैं। यह घटना गत रविवार को हुई है जब मकान मालिक पत्रकार ओम बोध किसी कार्य से घर के बाहर गए हुए थे। जब उन्हें इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने कुल्लू पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई। सहायक उप निरक्षक संजीव कुमार शर्मा द्वारा मौके पर आकर इसकी फुटेज खंगाली जा रही है। फुटेज में साफ नजर आ रहा है कि तीन चार शरारती तत्व रविवार रात 11 बजे शराब के लिए सेल्समैन को फोन करके कमरे में घुसे और रात को सेल्समैन ने उनको शराब का आधा भी दिया। जब सेल्समैन शटर के अंदर घुसा तो एक शरारती तत्व ने कैमरा निकाल कर गाड़ी में फेंक दिया और वहां से फुर्र हो गए। अब देखना यह है कि पुलिस कितनी जल्दी इस बदमाशों को गिरफ्तार कर सकती है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी डोभी में कई महंगी-महंगी गाड़ियों के टायर चोरी हो चुके हैं। पुलिस अब तक इन शातिरों को पकड़ नहीं पाई है, जिस कारण आज भी इन शातिरों के हौसले बुलंद बने हैं। ये शातिर रात के अंधेरे में कई चोरी की वारदात को अंजाम देकर गायब हो रहे हैं और आज तक पुलिस के हाथ भी खाली हैं और चोर पुलिस की पहुंच से दूर हैं। जहां चोर टायर चोर रहे हैं तो वहीं शिम गांव में गत महीने पहले मंदिर से चोरों ने नकदी चुरा ली थी। ऐसी चोरी की वारदातें होने से लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन क्षेत्रों में रात को पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। एसपी कुल्लू गोकुल कार्तिकेयन ने कहा कि पुलिस द्वारा इन शातिरों को पकड़ने के लिए जाल बिछाए जा रहे हैं, जल्द ही यह चोर गिरोह पुलिस गिरफ्त में होगा।

नव चेतना संस्था के दिव्यांग बच्चों ने तैयारी की सुंदर राखियां

कुल्लू। आगामी रक्षाबंधन के त्योहार को ध्यान में रखते हुए कुल्लू के विभिन्न स्कूलों में नव चेतना संस्था के (दिव्यांग) बच्चों द्वारा तैयार की गई राखियों को वितरित किया जाएगा। रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष अंशुल पराशर ने बताया कि रक्षाबंधन के त्योहार के लिए नव चेतना के बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर-सुंदर राखियां तैयार की गई हैं, जिन्हें कुल्लू के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे इन बच्चों का मनोबल और अधिक बढ़ेगा।

एसजेवीएन लिमिटेड SJVN Limited
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
CIN No L40101HP1988GOI008409

प्रेस सूचना
ई–निविदा संख्या एसडीएचईपी–पीसीडी–26

एसजेवीएन लिमिटेड की ओर से "**जैशी, एसडीएचईपी, सुन्नी में लैंडस्केपिंग कार्यों सहित चारदीवारी के निर्माण**" के लिए घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली (डीसीबी) पर ऑनलाइन बोलियां (ई–टेंडर) आमंत्रित की जाती हैं। **(पीसीडी–26)**

कृपया विवरण के लिए एसजेवीएन ई–टेंडर पोर्टलः **https://etender.sjvn.co.in** पर जाएं।
बोली दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि (02.09.2024 12:00 बजे) है।
बोली जमा करने की अंतिम तिथि (02.09.2024 13:00 बजे) है।
संशोधन, यदि कोई हो, केवल उक्त वेबसाइटों पर ही जारी किया जाएगा।

महाप्रबंधक, प्रापण एवं संविदा विभाग
एसडीएचईपी, एसजेवीएन लिमि., सुन्नी, जिला–शिमला (हि.प्र.)–171301 फोन नः 0177–2786586

चौंतड़ा में ओरिएंटेशन एंड नीड असेसमेंट शिविर का समापन

हिमाचल दस्तक ▮ चौंतड़ा

जाइका परियोजना के तहत जोगिंद्रनगर उपमंडल के जाइका सैटेलाइट कार्यालय चौंतड़ा के गांव सरोली में शुक्रवार को ओरिएंटेशन एंड नीड असेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग 35 लोगों ने भाग लिया। जाइका परियोजना के खंड प्रबंधक अश्वनी कुमार और कृषि अधिकारी ऋचा बहमन द्वारा सब प्रोजेक्ट में होने वाले कार्य जैसे कूहलों का निर्माण, वाटर स्टोरेज टैंक, माइक्रो इरीगेशन सिस्टम,फसल विविधिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। खंड परियोजना प्रबंधक अश्वनी कुमार ने बताया कि पावर वीडर, पावर टिलर, ब्रश कटर, थ्रेशर, चैफ कटर पर 50 फीसदी सब्सिडी का प्रावधान प्रोजेक्ट द्वारा दिया जाएगा। इस कूहल के तहत 15.38 हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा। साथ ही उन्होंने परियोजना के अंतर्गत फार्म मेकैनाइजेशन के अंतर्गत पावर टिलर, पावर वीडर, चैफ कटर, टूल किट बारे में लोगों को संपूर्ण जानकारी दी।

कुल्लू अस्पताल में युवाओं को एड्स पर किया जागरूक

कुल्लू। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में शुक्रवार को एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/ एड्स के बारे में युवाओं को जागरूक करना रहा। इसमें क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग प्रशिक्षक व छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन जिला एड्स नियंत्रण सोसायटी कुल्लू व रेडक्रॉस क्लब कुल्लू द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कुल्लू के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को जागरूक करने के लिए कई प्रकार की मुख्य गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई। इसमें प्रमुख रेड मैराथन एवं फ्लैश मॉब द्वारा लोगों को जागरूक करना, आरआरसी के सभी सदस्यों में गतिविधियों के आयोजन के विषय में विस्तार से चर्चा की। युवाओं का नशे के प्रति बढ़ते रुझान व एचआईवी/एड्स के बढ़ते संक्रमण के बारे में गहन चिंतन किया गया तथा समाज के युवा वर्ग व अन्य वर्गों को सुरक्षित व स्वस्थ रखने के लिए एक नई पहल की गई।

वीर रजाणी युवक मंडल ने किया पौधरोपण

बाईग-धारा में दियार व बान के पौधे रोपे

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ कुल्लू

वीर रजाणी युवक मंडल बाईग-धारा के तत्वावधान मे शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र और टीम सहभागिता के सहयोग से बाईग-धारा में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान वन विभाग की भूमि पर दियार, किकर, बान आदि के लगभग 150 पौधे रोपे गए। युवक मंडल के प्रधान ने कहा कि युवक मंडल के सदस्यों द्वारा पहले भी यहां बहुत से पेड़ लगाएं गए हैं जोकि काफी बड़े हो गए हैं और इनका रखरखाव भी युवक मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि, डॉ.

लाल सिंह उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र कुल्लू ने युवक मंडल के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के हितों में किए जाने वाले कार्यों में युवक मंडलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यक्रमों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी समाज के विकास और समृद्धि के लिए आवश्यक है। साथ ही उन्होंने युवक मंडलों को प्रेरित किया कि वे न केवल पौधरोपण जैसे कार्यक्रमों में, बल्कि समाज की हर छोटी-बड़ी गतिविधियों में भी सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति और युवक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में वीर रजाणी युवक मंडल के प्रधान कुशल सिंह, उपप्रधान रोशन लाल, सचिव लुदर चंद, पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह, और युवक मंडल के सक्रिय सदस्य जैसे रंजीत सिंह, दुर्गा सिंह, पूर्ण चंद, रामधन, पवन, हेमराज, अक्ष ठाकुर, हेम राज, अजय, संदीप आदि उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इसके साथ ही टीम सहभागिता से उपाध्यक्ष राज सिंघानिया, सोनू, विजय, और सुनिशा ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

HP CROP DIVERSIFICATION PROMOTION PROJECT (PHASE II), JICA-ODA
DISTRICT PROJECT MANAGEMENT UNIT
ADMINISTRATIVE BUILDING, AGRICULTURE COMPLEX, HAMIRPUR (H.P)
(Tel-Fax: +91-01972-223059, e-mail- dpmucdp-ham-hp@nic.in)

NOTICE INVITING TENDER

Online bids are hereby invited for the following works from eligible contractors/firms duly registered with Himachal Pradesh Jal Shakti Vibhag in appropriate class and latest renewal thereof. Terms & conditions/other documents can be downloaded from the website http://hptenders.gov.in. For further queries / details, please contact 01972-292155.

Sr. No.	Name of the Work	Amount put to Tender (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of Tender (Rs.)	Time Allowed (Months)
1	Providing Distribution system for Lift Irrigation Schemes at Gharrat, Ramehra, Chak Kathal, Dakhol, Mandholi, Gujreda, Makri under HPCDP (P-II)-JICA-ODA	72,17,537/-	1,04,700/-	2000/-	4

Key Dates :-

Sr. No.	Description	Key Dates
1.	Date of online publication	08-08-2024 1800 Hrs
2.	Document Download start and end date	08-08-2024 from 1800 Hrs up to 21-08-2024 1700 Hrs
3.	Bid submission start and End date	08-08-2024 from 1800 Hrs up to 21-08-2024 1700 Hrs
4.	Pre-Bid meeting	13-08-2024 1100 Hrs
5. i) ii)	Physical submission of: EMD and Cost of tender documents and other Technical/Eligibility Documents.	08-08-2024 from 1800 Hrs up to 21-08-2024 1700 Hrs
6.	Date of Technical Bid opening	22-08-2024 1100 Hrs

District Project Manager,
HPCDP (Phase-II), JICA-ODA,
Hamirpur, District Hamirpur (H.P)
Advt. No. 0280/2024-25

Ropeways and Rapid Transport System Development Corporation HP Limited
(A State Government Undertaking)
US Club, Shimla - 1
Phone No. 0177-2811001, 2811003, 2811004

RTDC

NOTICE
INVITATION FOR EXPRESIONOF INTEREST (EOI)

The bids are invited by the Deputy General Manager, RTDC on behalf of Governor of H.P from interested bidders for under mentioned work.

Sr. No.	Name of Work	EMD (INR) (in Rs.)	Tender Fee (in Rs.)
1	EoI (Expression of Interest)-cum-Financial Bid for Engaging an agency to obtain forest Clearance under forest conservation Act,1980 from MOEF & CC for Construction and Development of Material ropeway from Rahavan Ka Band to Ruug Village Top Ki Ber Distt. Solan (H.P.)	10,000/-	1,000 + 18% GST) (1,180)

Availability of EoI document and mode of submission : The Bid document which shall be available on website www.rtdchp.org. The interested bidders may download the EoI and other instruction from website www.rtdchp.org and submit their bids in the office of undersigned.

Key Dates :-

1	Date of online Publication	10-08-2024 upto 05:00 PM
2	Downloading of EoI start date & time	10-08-2024 from 05:00 PM
3	Last date of downloading & submission of EoI.	30-08-2024 upto 02:00 PM
4	Date of opening of Technical Bids	30-08-2024 at 03:00 PM

Deputy General Manager,
Ropeways & Rapid Transport System Development Corporation, H.P. Ltd. US, Club, Shimla-1
Advt. No. 0279/2024-25

इनोक्स विंड लिमिटेड
सीआईएन एल31901एचपी2009पीएलसी031083
पंजीकृत कार्यालयः प्लाट सं. 1, खसरा सं. 264 से 267, औद्योगिक क्षेत्र,
गांव-बासल, जिला ऊना-174303, हिमाचल प्रदेश,
दूरभाष/ फेक्स :01975-272001,
ईमेल : investors.iwl@inoxwind.com; वेबसाईड : www.inoxwind.com
30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अनऑडिटेड समेकित वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	30.06.2024 को समाप्त तिमाही अनऑडिटेड	31.03.2024 को समाप्त वर्ष ऑडिटेड	30.06.2023 को समाप्त तिमाही अनऑडिटेड
1	परिचालनों से कुल आय	65,052	1,79,932	35,228
2	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (हानि), असाधारण तथा/अथवा असाधारण मदें	4,801	(3,349)	(6,349)
3	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (हानि), (असाधारण तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	4,801	(4,718)	(6,349)
4	कर के पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)	5,038	(5,291)	(6,488)
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [कर के पश्चात अवधि के लिए लाभ/(हानि) और कर के पश्चात अन्य व्यापक आय सहित]	5,003	(5,271)	(6,533)
6	मूल्यांकन आरक्षित से अलग आरक्षित निधि	-	1,37,141	-
7	पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल (फेस वैल्यू रु. 10 प्रति शेयर)	32,595	32,595	32,595
8	आय प्रति शेयर (फेस वैल्यू रु. 10/- प्रत्येक) - (वार्षिक नहीं)			
	ए) बेसिक (रु)	1.53	(1.56)	(1.99)
	बी) डिल्यूएटेड (रु.)	-	-	-

टिप्पणीः
1. उक्त परिणामों की ऑडिट कमेटी द्वारा समीक्षा की गई थी और उसके पश्चात निदेशक-मंडल द्वारा 9 अगस्त, 2024 को अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया है। कंपनी के वैधानिक ऑडिटर्स ने उक्त परिणामों की सीमित समीक्षा भी की है।
2. उक्त परिणाम तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत फॉर्मेट का सार हो, जो सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एण्ड डिस्कलोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगूलेशन्स, 2015 के रेगूलेशन 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेंज के साथ भरा गया है। अनऑडिटेड एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का पूर्ण फॉर्मेट स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट (www.bseindia.com और www.nseindia.com)और कंपनी की वेबसाईट (www.inoxwind.com)पर भी उपलब्ध है।
3. एकल वित्तीय परिणामों पर सूचनाः (रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	30.06.2024 को समाप्त तिमाही अनऑडिटेड	31.03.2024 को समाप्त वर्ष ऑडिटेड	30.06.2023 को समाप्त तिमाही अनऑडिटेड
1	परिचालनों से कुल आय	62,869	1,64,095	29,148
2	कर से पूर्व अवधि के लिए कुल लाभ/(हानि)	7,019	(23,030)	(6,736)
3	कर के पश्चात अवधि के लिए कुल लाभ/(हानि)	7,019	(23,030)	(6,736)

निदेशक-मंडल की ओर से
कृते इनोक्स विंड लिमिटेड
हस्ता/-
स्थानः नोयडा
देवांश जैन
दिनांकः 9 अगस्त, 2024
पूर्णकालिक निदेशक

इनोक्स विंड एनर्जी लिमिटेड
सीआईएन एल40106एचपी2020पीएलसी010065
पंजीकृत कार्यालयः प्लाट सं. 1, खसरा सं. 264 से 267, औद्योगिक क्षेत्र,
गांव-बासल, जिला ऊना-174303, हिमाचल प्रदेश,
दूरभाष : 01975-272001,
ई-मेलः investors.iwl@inoxwind.com, वेबसाईटः www.iwel.co.in
30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अनऑडिटेड समेकित वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	30.06.2024 को समाप्त तिमाही अनऑडिटेड	31.03.2024 को समाप्त वर्ष ऑडिटेड	30.06.2023 को समाप्त तिमाही अनऑडिटेड
1.	परिचालनों से कुल आय	65,464	1,80,802	35,439
2.	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (हानि), असाधारण तथा/अथवा असाधारण मदें	5,156	(2,901)	(6,455)
3.	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (हानि), (असाधारण तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	5,156	(4,270)	(6,455)
4.	कर के पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)	4,158	(9,125)	(6,577)
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [कर के पश्चात अवधि के लिए लाभ/(हानि) और कर के पश्चात अन्य व्यापक आय सहित]	4,122	(9,089)	(6,622)
6.	मूल्यांकन आरक्षित से अलग आरक्षित निधि	-	1,84,022	-
7.	पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल (फेस वैल्यू रु. 10 प्रति शेयर)	1,205	1,178	1,121
8.	आय प्रति शेयर (फेस वैल्यू रु. 10/- प्रत्येक) (वार्षिक नहीं)	7.56	(75.63)	(58.61)
	ए) बेसिक (रु)			
	बी) डिल्यूएटेड (रु.)	7 56	(75.63)	(58.61)

टिप्पणीः
1. उक्त परिणामों की ऑडिट कमेटी द्वारा समीक्षा की गई थी और उसके पश्चात निदेशक-मंडल द्वारा 9 अगस्त, 2024 को अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया है। कंपनी के वैधानिक ऑडिटर्स ने उक्त परिणामों की सीमित समीक्षा भी की है।
2. उक्त परिणाम तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत फॉर्मेट का सार हो, जो सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एण्ड डिस्कलोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगूलेशन्स, 2015 के रेगूलेशन 33 के अधीन स्टॉक एक्सचेंज के साथ भरा गया है। अनऑडिटेड एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का पूर्ण फॉर्मेट स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट **(www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाईट (www.iwel.co.in)पर भी उपलब्ध है।**
3. एकल वित्तीय परिणामों पर सूचनाः (रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	30.06.2024 को समाप्त तिमाही अनऑडिटेड	31.03.2024 को समाप्त वर्ष ऑडिटेड	30.06.2023 को समाप्त तिमाही अनऑडिटेड
1.	परिचालनों से कुल आय	704	1,412	175
2.	कर से पूर्व अवधि के लिए कुल लाभ/(हानि)	87,956	1,06,043	(107)
3.	कर के पश्चात अवधि के लिए कुल लाभ/(हानि)	86,722	1,01,761	(90)

निदेशक-मंडल की ओर से
कृते इनोक्स विंड एनर्जी लिमिटेड
हस्ता/-
स्थानः नोयडा
कलोल चक्रवर्ती
दिनांकः9 अगस्त, 2024
पूर्णकालिक निदेशक